भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
मत्स्यपालन विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 688
06 फरवरी, 2024 को उत्तर के लिए

व्यापक व्यक्तिगत बीमा योजनाएं

688. सुश्री देबाश्री चौधरी:

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सक्रिय मछुआरा योजना के लिए सामूहिक दुर्घटना बीमा के अंतर्गत पंजीकृत मछुआरों की संख्या कितनी है;

(ख) योजना द्वारा सहायता प्राप्त परिवारों की वर्ष-वार संख्या कितनी है;

(ग) क्या सरकार के पास सरकार द्वारा पूर्णतः वित्तपोषित व्यापक व्यक्तिगत बीमा योजना आरंभ करने का प्रस्ताव है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री

(श्री परशोत्तम रूपाला)

(क) और (ख): मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार देश भर के मछुआरों के लिए प्रधान मंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (पीएमएमएसवाई) के समूह दुर्घटना बीमा योजना (जीएआईएस) के उप-घटक के तहत बीमा कवरेज प्रदान करती है जिसमें (i) 5,00,000 रु./- आकस्मिक मृत्यु या स्थायी पूर्ण विकलांगता के लिए, (ii) स्थायी आंशिक विकलांगता के लिए 2,50,000 रु/- और (iii) दुर्घटना की स्थिति में अस्पताल में भर्ती होने का के खर्च के लिए 25,000 रु./- शामिल है । पिछले दो वर्षों (2021-22 से 2022-23) और वर्तमान वित्तीय वर्ष (2023-24) के दौरान, योजना के तहत प्रति वर्ष औसतन 32.16 लाख मछुआरों के साथ 96.48 लाख मछुआरों को बीमा कवरेज प्रदान करने हेतु नामांकित किया गया है । जीएआईएस के तहत दावा निपटान के माध्यम से सहायता प्रदान किए गए मछुआरे परिवार का वर्ष-वार विवरण निम्नलिखित है:

वर्ष	दावा निपटान के लिए सहायता प्रदान किए गए परिवारों की संख्या
2021-22	329
2022-23	298
2023-24	9

(ग) और (घ): चूंकि पीएमएमएसवाई के तहत मौजूदा समूह दुर्घटना बीमा योजना (जीएआईएस) मत्स्य श्रमिकों, मत्स्य किसानों एवं मात्स्यिकी और मत्स्यपालन से संबंधित गतिविधियों में सीधे तौर पर शामिल व्यक्तियों की किसी भी श्रेणी सहित मछुआरों की सभी श्रेणियों को बीमा कवरेज प्रदान करती है और इसमें लाभार्थी द्वारा बीमा प्रीमियम में कोई योगदान नहीं है अत: मछुआरों के लिए एक व्यापक व्यक्तिगत बीमा योजना शुरू करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

*****